भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2031** जिसका उत्तर

मंगलवार, **22 सितंबर**, 2020/31 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाना है

'सागरमाला' पहल के अंतर्गत परियोजनाएं

†2031. डॉ. सुजय विखे पाटील :

श्री हेमन्त पाटिल :

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल :

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सागरमाला' पहल के अंतर्गत सरकार द्वारा आरंभ की गई परियोजनाओं की सितंबर, 2020 की तिथि के अनुसार राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) इस परियोजना के आरंभ होने के उपरांत तटीय रेखा एवं नौवहनीय जलमार्गों के उपयोग में कितनी प्रतिशत वृद्धि हुई है तथा 'सागरमाला' पहल के आरंभ होने के उपरांत निर्यात में कितनी अनुमानित वृद्धि होगी; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त पहल के अंतर्गत आरंभ की गई परियोजनाओं के माध्यम से कितने रोजगारों का सृजन हुआ है?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) : सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा सितंबर, 2020 की स्थिति के अनुसार जिन परियोजनाओं की शुरूआत की गई है उनकी (राज्य/संघ शासित प्रदेश-वार) संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

(ख) : सागरमाला की शुरूआत से लेकर तटीय पोत परिवहन के माध्यम से कार्गो आवागमन में लगभग 52% (वर्ष 2014-15 में 80 एमटीपीए से 2019-20 में 122 एमटीपीए तक) की वृद्धि हुई है। विगत तीन वर्षों में राष्ट्रीय जलमार्गों पर कार्गो परिवहन में भी 33.81% (वर्ष 2017-18 में 55.03 एमटीपीए से 2019-20 में 73.64 एमटीपीए तक) वृद्धि हुई है। तथापि, तटरेखा और नौगम्य जलमार्गों की उपयोगिता में वृद्धि एवं निर्यात में वृद्धि के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है।

(ग) : सागरमाला कार्यक्रम की शुरूआत से लेकर सागरमाला के तहत महा-पत्तनों द्वारा शुरू की गई एवं पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित सागरमाला परियोजनाओं के माध्यम से लगभग अठारह हजार नौकरियों का सृजन किया गया है। इसमें परियोजनाओं के निर्माण चरणों में सृजित नौकरियों के श्रम दिन एवं अप्रत्यक्ष नौकरियां शामिल नहीं है।

अनुबंध

राज्य	**कुल**
अंडमान एंव निकोबार द्वीपसमूह	5
आंध्र प्रदेश	31
असम	1
बिहार	1
दमन और दीव	2
गोवा	14
गुजरात	22
कर्नाटक	20
केरल	19
महाराष्ट्र	73
ओडिशा	21
पुदुचेरी	1
तमिलनाडु	59
पश्चिम बंगाल	26
कुल	**295**

*****